*This question paper contains 12 printed pages.]*

**3453** *Your Roll No. ......................*

# LL.B. / II Term **B**

## Paper LB-203 – Criminal Law-II (NC)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*
*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

***Note :*** *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Attempt **five** questions in all with at least **one** question from part-II.*
*All questions carry equal marks.*

खण्ड-*II* से **एक** प्रश्न करते हुए कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. A, B, C, D and E decide to rob a jeweller's showroom in Central Delhi. To execute this mission, they arm themselves with sophisticated weapons, mobile phones and a binocular. A stands at some distance to oversee the actions of the group through a binocular and has a mobile phone with him to instruct other members of the group as to how effectively the common object can be implemented. The jeweller has stationed security guards at the entrance of his showroom with modern weapons to be used in private defence, should such a need arise. B, C and D attempt to enter the showroom carrying sophisticated weapons and mobile phones while E stations himself outside the entrance of the showroom. They, however, face serious resistance from the security staff because of the presence of tight security. B and C in their attempt to make entry find that without using sophisticated revolver to kill the security staff it will not be possible to achieve their common object and eventually they kill two of the security guards by firing at them. This leads to commotion and the automatic alarm system at the jewellery showroom becomes operational. Police arrives within no time and apprehend B and C immediately. A runs away from the scene on the arrival of the police. D and E effect their retreat successfully threatening the mob with dire consequences by show of weapons. A, D and E are

subsequently arrested. A, B, C, D and E are prosecuted for the murder of the security guards under section 302 read with section 149 IPC. C and D contend that they did not actually participate in the crime and A contends that he was not physically present at the place of commission of crime and was not a member of the assembly. Decide the criminal liability of A, B, C, D and E in respect of the charge framed against them.

A, B, C, D तथा E मध्य दिल्ली में एक आभूषण शोरूम लूटने का निर्णय करते हैं। वे, लक्ष्य को कार्यान्वित करने हेतु परिष्कृत हथियार, मोबाइल फोन और दूरबीन से लैस हुए। A घटना स्थल से कुछ दूर रुक गया ताकि दूरबीन से स्थिति का जायजा लेकर मोबाइल द्वारा उन्हें सही समय पर सामान्य उद्देश्य कार्यान्वित करने हेतु दिशा निर्देश दे सके। जौहरी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा हेतु आधुनिक हथियारों से लैश सुरक्षाकर्मी शोरूम के प्रवेश द्वार पर लगा रखे थे ताकि वे सुरक्षा के समय इनका प्रयोग कर सकें। B, C व D ने शोरूम में प्रवेश करने का प्रयास किया जबकि E शोरूम के प्रवेश द्वार पर खड़ा रहा। प्रवेश के दौरान उन्हें सुरक्षा कर्मियों द्वारा कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। B व C ने पाया कि सुरक्षा कर्मियों की हत्या किये बिना सामान्य आशय की प्राप्ति सम्भव नहीं है, अन्ततोगत्वा उन्होंने परिष्कृत रिवाल्वर द्वारा दो सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी। इस वजह से भगदड़ मच गई तथा स्वचलित सचेतक (Alarm) यंत्र कार्यरत हो गया। तत्पश्चात् तुरंत ही पुलिस आ गयी और B, C को पकड़ लिया। A घटना स्थल से भाग

गया तथा D और E भी भीड़ को डराते हुए भागने में सफल हो गये। तत्पश्चात् A, D और E को गिरफ्तार कर लिया गया। A, B, C, D और E को सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु कारित करने के लिए भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 सपठित धारा 149 के अधीन अभिवाचित किया गया। C व D ने अपराध में वास्तविक भागीदारी न होने का अभिवाक् लिया जबकि A ने घटना स्थल पर शारीरिक उपस्थिति न होने का बचाव लेते हुए अभिवाक् किया वह विधि विरुद्ध जमाव का सदस्य नहीं था। A, B, C, D व E के आपराधिक दायित्व का निर्धारण, उन पर विरचित आरोपों के प्रकाश में कीजिए।

**2.** A with intent to kill B, his partner in the business, purchased poison from a chemical store and mixed it with chicken biryani which he served to B. Is A guilty of attempt to murder in the following situations: .

(i) When without the knowledge of A the chemical store employee supplied him harmless substance which could cause no harm to B on consuming chicken biryani.

(ii) When B takes the chicken biryani but does not die because the quantity of poison consumed was insufficient to cause death.

(iii) When B takes the poisoned chicken biryani and becomes seriously sick, he is saved by timely medical aid.

'A' अपने व्यवसायिक भागीदार 'B' की मृत्यु कारित करने के आशय से एक केमिकल स्टोर से विष खरीदा तथा उसे चिकन बिरयानी में मिलाकर 'B' को दिया। क्या 'A' निम्नलिखित परिस्थितियों में हत्या के प्रयत्न का दोषी होगा :

(i) जबकि 'A' के ज्ञान के बिना केमिकल स्टोर कर्मी ने उसे हानिरहित पदार्थ दिया जो कि 'B' की बिरयानी में होने पर 'B' की मृत्यु नहीं कारित कर सके।

(ii) जबकि 'B' बिरयानी खा लेता है परन्तु बच जाता है क्योंकि विष की मात्रा मृत्यु कारित करने के लिए अपर्याप्त थी।

(iii) जबकि 'B' बिरयानी खा लेता है और गंभीर रूप से बीमार पड़ जाता है, तथा समय पर चिकित्सकीय सहायता से वह बच जाता है।

**3.** Critically examine the majority and the minority judgments of the Supreme Court in *State of Maharashtra* v, *Mayer Hans George* AIR 1965 SC 722 and give your own view in the matter with supporting reasons.

*स्टेट ऑफ महाराष्ट्र विरुद्ध मेयर हेन्स जार्ज* AIR 1965 SC 722 में सर्वोच्च न्यायालय के बहुमत और अल्पमत के निर्णयों की आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए तथा तर्कों के समर्थन में उक्त मामले में अपना विचार प्रकट कीजिए।

4. (a) In the remote villages of the state of Orissa, villagers still continue to have firm belief in ghosts. A, an illiterate villager, who had gone to the nearby forest to cut some trees for the contractor, while returning from the forest in the late evening carrying axe in his hand saw some flickering light in the dark around which some figures were moving. He rushed towards these figures and hit them with his axe believing them to be ghosts whom he wanted to kill to save the villagers from the ghosts. It turned out that these were some persons from the neighbouring village who had come to this village and were dancing around with pen torches in their hands which had been gifted to them by a politician who was likely to fight a local election. In the process two villagers B and C from the neighbouring village died because of the axe blows on their vital parts of the body given by A.

A is being tried under section 304A for causing death of B and C, He pleads section 79 IPC in his defence. Will he succeed?

(b) Discuss the doctrine of 'retreat to the wall' and its applicability in India.

(अ) उड़ीसा राज्य के एक दूरदराज के गाँव में लोग आज भी भूतों में दृढ़ विश्वास रखते हैं। A एक अशिक्षित ग्रामवासी, ठेकेदार के लिए पास के जंगल में लकड़ी काटने गया था। जब वह देर शाम कुल्हाड़ी के साथ जंगल से लौट रहा था उसने अँधेरे में टिमटिमाती हुई प्रकाश पुंज देखा जिसके चारों ओर कुछ छाया घूम रही थी। वह उक्त छाया को भूत समझते हुए कुल्हाड़ी के साथ उसकी तरफ तेजी से दौड़ा तथा भूत को मारने के आशय से उन पर कुल्हाड़ी से वार किया ताकि ग्रामवासियों की भूत से रक्षा कर सके। यह पाया गया कि वे लोग पड़ोसी गाँव के थे तथा भविष्य में निकाय चुनाव लड़ने के इच्छुक राजनीतिज्ञ द्वारा उपहार स्वरूप दिये गये पेन टार्च को हाथ में लेकर नाच रहे थे। इस प्रकार पड़ोसी गाँव के दो लोग B और C जिनके मर्म स्थान पर A द्वारा कुल्हाड़ी द्वारा दिये गये वार से मृत्यु हो गई।

A को धारा-304A के अधीन B व C की मृत्यु कारित करने के लिए विचारित किया गया। उसने धारा-79 के बचाव का अभिवाक् लिया। क्या वह सफल होगा ?

(ब) "रीट्रीट टू द वाल" के सिद्धान्त तथा भारत में उक्त सिद्धान्त की प्रयोजनीयता की विवेचना कीजिए।

**5.** Write short notes on any **two** of the following:

(a) In *Mrs. Neelam Katara* v. *Union of India and Others* the Delhi High Court has given various

directions for the protection of witnesses in criminal trial. Discuss the said directions and the object sought to be achieved by them. Further, what suggestions would you suggest to make witness protection programmes meaningful to ensure that witnesses do not turn hostile.

(b) Discuss and illustrate with the help of legal provisions under the IPC and the judicial decisions the distinction between legal insanity and medical insanity, giving your own view as to whether irresistible impulse should be included in legal insanity as a defence.

(c) Bring out clearly the distinction between the provisions relating to compounding of offences and the plea bargaining under the Cr. P.C., 1973.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(अ) दिल्ली उच्च न्यायालय ने श्रीमती नीलम कटारा विरुद्ध भारत संघ व अन्य में साक्षी की सुरक्षा के लिए विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किये हैं। उन दिशानिर्देशों तथा लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति की विवेचना कीजिए। साक्षी सुरक्षा योजना को उद्देश्यपरक बनाने के लिए ताकि साक्षी पक्षद्रोही न हो, अपना सुझाव दीजिए।

(ब) भा.द.स. के उपबन्धों और निर्णीत वादों के प्रकाश में विधिक विकृतचित्तता तथा चिकित्सकीय विकृतचित्तता के बीच अन्तर की विवेचना और व्याख्या करते हुए अपना विचार दीजिए कि क्या अप्रतिरोध्य आवेग, बचाव स्वरूप विधिक विकृतचित्तता में शामिल किया जाना चाहिए ?

(स) दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अधीन शमनीय अपराध तथा सौदा अभिवाक् से संबंधित प्रावधानों के बीच स्पष्ट अन्तर स्थापित कीजिए।

**6.** During a riot in a particular locality, persons belonging to community A targeted the properties of another community B and resorted to loot and arson. A group of the community A armed with lathis and sticks proceeded to attack the shop and the house of X who belonged to community B. X and his family members received information from a relation on mobile phone that his shop and house were going to be attacked by members of the community A. He took out his rifle, loaded it and kept it ready for his protection. He fired at the mob belonging to community A when he saw them approaching his house and shop but before they actually attacked his shop and house. His act resulted in the death of Y, one of the members of the group belonging to community A, who was hit in the abdomen and

succumbed to his injuries soon thereafter causing panic in the group who ran helter-skelter down the lanes of the locality.

X is being tried for the murder of Y. He pleads right of private defence. Will he succeed?

एक विशेष मोहल्ले में दंगे के दौरान सम्प्रदाय 'A' के लोगों के द्वारा सम्प्रदाय 'B' के लोगों की सम्पत्ति को लक्षित कर लूट और आगजनी की गयी। सम्प्रदाय 'A' के एक समूह द्वारा हथियार, लाठी और डंडे के द्वारा सम्प्रदाय 'B' के एक व्यक्ति 'X' के घर और दुकान पर हमले के लिए आगे बढ़े। 'X' और उसके परिवार वालों को एक रिश्तेदार द्वारा मोबाइल फोन पर यह सूचना प्राप्त हुई कि उसके दुकान व घर पर संप्रदाय 'A' के लोगों द्वारा आक्रमण होने वाला है। 'A' ने अपना राइफल लिया, उसे लोड किया और अपनी सुरक्षा के लिए तैयार हो गया। उसने संप्रदाय 'A' के लोगों की भीड़ पर उस समय गोली चलायी जबकि वे उसके घर व दुकान की तरफ बिना वास्तविक आक्रमण किये हुए बढ़ रहे थे। उसके इस कार्य से संप्रदाय 'A' के एक व्यक्ति 'Y' की उसके पेट में गोली लगने से मृत्यु हो गयी। इसके तुरन्त पश्चात् उक्त समूह में लोगों के इतर-तितर भागने से दहशत फैल गयी।

'X' को 'Y' की हत्या के लिए विचारित किया गया। उसने व्यक्तिगत प्रतिरक्षा का बचाव लिया। क्या वह सफल होगा ?

## Part - II

## भाग - II

7. Clearly bring out the changes that have been made in the law of bails in the Cr.P.C., 1973 by the Cr.P.C. (Amendment) Act, 2005 bringing out clearly the object sought to be achieved by the Amending Act of 2005.

द.प्र.सं.-1973 के अधीन जमानत के उपबंधों में द.प्र.सं. (संशोधन) अधिनियम, 2005 के द्वारा किये गये संशोधनों का उल्लेख करते हुए उन उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए जो संशोधन अधिनियम 2005 द्वारा प्राप्त किया जाना लक्षित है।

8. Write short note on any **two** of the following:

(a) Rights of the arrested person and the victims under the Cr.P.C.

(b) Basic features of 'fair trial'.

(c) Importance of sections 154 and 156(3) of the Cr.P.C. in the scheme of Cr.P.C., 1973 in the criminal justice administration.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए :

(अ) द.प्र. सं. के अधीन गिरफ्तार व्यक्ति तथा पीड़ित व्यक्ति के अधिकार

(ब) निष्पक्ष विचारण के आधारभूत लक्षण

(स) द.प्र.सं. -1973 की योजना के तहत आपराधिक न्याय प्रशासन में धारा-154 और धारा 156(3) का महत्व।